NIOS/Acad./2020/335/08/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : जनसंचार

पाठ-8 : भारत में भाषाई प्रेस

कार्यपत्रक -8

1. अंग्रेजी समाचारपत्रों और भाषा समाचार पत्रों के बीच अंतर करें। भाषायी समाचार पत्रों की परिभाषा अपने शब्दों में लिखिए।

2. अच्छी तरह से एक अंग्रेजी और एक हिंदी अथवा क्षेत्रीय भाषा के समाचारपत्र पढ़ें। इनमें लेआउट, भाषा और प्रस्तुति में दिखने वाले अंतरों को लिखें।

3. भारत में, समाचार पत्रों के प्रसार और पाठकों के आंकड़ों को रखने वाले दो प्रमुख संस्थान हैं। इन संस्थानों के नाम का उल्लेख करते हुए इनका विस्तृत वर्णन करें।

4. मध्यम वर्ग का विस्तार भारत में अखबार की वृद्धि के विभिन्न कारणों में से एक है। समाचार पत्रों में उछाल के लिए जिम्मेदार कम से कम चार ऐसे कारणों का विस्तार से उल्लेख करें।

5. 'भारतीय अर्थव्यवस्था को एक ग्रामीण अर्थव्यवस्था माना जाता है'।इस कथन को सही मानते हुएभारत में भाषायी समाचारपत्रों के विकास के दो कारण लिखें।

6. भारत में प्रेस के विकास को ध्यान में रखते हुएबहुत से शोध अध्ययन किए गए हैं। भारत में प्रेस पर आधारित पुस्तकों और उनके लेखकों के उदाहरण देते हुए एक नोट लिखें।

7. भारत में दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर दो सबसे बड़े प्रसारित हिंदी दैनिक समाचारपत्र माने जाते हैं। आपके क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रसारित हिंदी दैनिक कौन सा है और आपको यह क्यों पसंद है?

8. "विज्ञापन द्वारा अर्जित राजस्व पर अत्यधिक निर्भरता अखबारों के लिए अच्छी नहीं है"। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? तर्क दीजिए।अखबार उद्योग की किसी एक अस्वस्थ प्रवृत्ति का उल्लेख करें।

9. पाठकों की विविधता भारत में भाषायी प्रेस के विकास के कारणों में से एक है। अपने शब्दों में भारत में भाषायी प्रेस के भविष्य की व्याख्या करें।

10. आर.एन.आई भारत में अखबारों के प्रकाशन और प्रसार का स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत करती है। 2005-2006 के दौरान प्राप्त वार्षिक विवरण के आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष पांच प्रसारित समाचार पत्रों का उल्लेख करें।